क्रिकेट• आरके आर्य कॉलेज के मैदान में नवांशहर और होशियारपुर की टीम में दो दिवसीय मुकाबला रहा रोमांचक

# अभिषेक के 173 रन की बदौलत नवांशहर ने जीता मैच

भास्कर न्यूज | नवांशहर

नवांशहर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की टीम के कप्तान एवं बल्लेबाज अभिषेक कुमार उर्फ सागर की तेजतर्रार 173 रन की पारी की बदौलत नवांशहर ने होशियारपुर को दो दिवसीय मैच में 10 विकेट से शिकस्त दी। नवांशहर के राहों रोड स्थित आरके आर्य कॉलेज के मैदान में खेले गए इस मैच में नवांशहर की ओर से आकाशदीप ने पहली पारी में 2 तथा दूसरी पारी में होशियारपुर के 5 खिलाड़ियों को आउट कर मैच में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। एनडीसीए के सेक्रेटरी पीके सरीन ने बताया कि मैच में होशियारपुर ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला लिया। इसमें होशियारपुर की टीम 43.5 ओवरों में 176 रन पर ऑल आउट हो गई। इसमें टीम के खिलाड़ी के सिंह ने 81 गेंदों में 64 रन की पारी खेली, रजत शर्मा ने 30 गेंदों में 20 रन, रचित सोनी ने 29 गेंदों में 18 रन, हरमनदीप ने 14 गेंदों में 13 रन, अंकुश ने 40 गेंदों में 12 रन, पुलकित शर्मा ने 21 गेंदों में 12 रन, अर्जुन कुमार ने 37 गेंदों में 9 रन, मनजिंदर सिंह ने 6 गेंदों में 8 रन, गुरप्रीत सिंह ने 19 गेंदों में 8 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए नवांशहर की टीम के खिलाड़ी रजत गौतम ने 4 विकेट लिए, जबकि आकाशदीप, उज्जवल व प्रवेश ने 2-2 विकेट लिए। होशियारपुर से मिले 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नवांशहर की टीम ने 79.4 ओवरों में 275 रन बनाए। इसमें खिलाड़ी अभिषेक उर्फ सागर ने 181 गेंदों में 173 रन की शानदार पारी खेली। आकाशदीप ने 55 गेंदों में 30 रन, ईश राय ने 86 गेंदों में 25 रन, वैभव सहदेव ने 36 गेंदों में 11 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए होशियारपुर की टीम के रजत शर्मा ने 3 विकेट, करनवीर सिंह, कुलवीर सिंह व गुरप्रीत सिंह ने 2-2 विकेट तथा अर्जुन कुमार ने 1 विकेट ली। पहली इनिंग में नवांशहर की टीम को 99 रन की बढ़त मिली। दूसरी इनिंग में होशियारपुर की टीम 38.2 ओवरों में 153 रन पर आल आउट हो गई। इसमें खिलाड़ी रमनदीप सिंह 104 गेंदों में 53 रन बनाए, पुलकित शर्मा ने 21 गेंदों में 4 रन, तरुन सरीन ने 35 गेंदों में 24 रन, रजत शर्मा ने 14 गेंदों में 20 न, अर्जुन कुमार ने 22 गेंदों में 14 रन बनाए। इसी तरह गेंदबाजी करते ए आकाशदीप ने 5 विकेट लिए, जबकि रजत गौतम ने 3 व उज्जवल था राघव ने 1-1 विकेट ली। होशियारपुर से मिले 55 रन के टारगेट का छा करते नवांशहर की टीम ने 10.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए रन बना दिए जिसमें आकाशदीप ने 26 गेंदों में 41 व मोहित सिंह ने गेंदों में 13 रन बनाए। नवांशहर की टीम ने 10 विकेट से मैच को त लिया तथा नवांशहर की टीम को 5 प्वाइंट मिले। नवांशहर की टीम जीत पर एडवोकेट राकेश जोशी, सीए रजनीश गुप्ता, राजन अरोड़ा, न तनेजा, अरविंद नारद, अविनाश नैयर, अक्षय तेजपाल, राज र, इंद्र रल्हण, दिनेश सैंगर, अजय सरीन, पंकज तेजपाल, केके न आदि ने टीम को बधाई दी है।



नवांशहर की क्रिकेट टीम के खिलाड़ी प्रबंधकों के साथ।

# जोनल खेल मुकाबलों में बलाचौर के खिलाड़ियों किया बेहतरीन प्रदर्शन



बलाचौर| ब्लॉक स्तरीय जोनल खेल मुकाबलों में बलाचौर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल हरमनिंदर कौर ने बताया कि स्कूल खिलाड़ियों ने गर्ल्स अंडर 14 खो-खो में प्रथम स्थान, अंडर-17 खो-खो में तृतीय स्थान, अंडर-17 फुटबॉल में प्रथम, कबड्डी सर्कल स्टाइल (अंडर-14) में प्रथम, कबड्डी सर्कल स्टाइल (अंडर-17) तथा रस्साकशी (अंडर-17) में प्रथम, अंडर-17 बैडमिंटन में तीसरा स्थान, अंडर-19 बेडमिंटन में प्रथम, अंडर-19 शतरंज में प्रथम, लड़के अंडर-14 क्रिकेट प्रथम स्थान, अंडर-17 और 19 क्रिकेट तृतीय स्थान, अंडर-14 और 17 शतरंज प्रथम स्थान, गतका अंडर-19 ने प्रथम स्थान, स्केटिंग 1000 मीटर अंडर-14 व 17 में द्वितीय स्थान, कबड्डी सर्कल स्टाइल (अंडर-17) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन एचपी सिंह, प्रिंसिपल हरमनिंदर कौर, खेल प्रशिक्षक नरिंदर सिंह और सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेताओं को बधाई दी है।